


# वर्ष 10 के छात्रों के लिए मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका

## सन 2024 के लिए महत्त्वपूर्ण जानकारी

### विद्यालय में टीके लगवाने के लिए सहमति ऑनलाइन दी जा सकती है

माता-पिता और अभिभावक अपने बच्चे को सामान्य टीके लगवाने की सहमति ऑनलाइन दे सकते हैं, जब बच्चा वर्ष 10 में हो।

**आपको इन चीज़ों की आवश्यकता होगी:**

1. आपके सर्विस एन एस डब्ल्यू लॉग-इन की जानकारी
2. आपके और आपके बच्चे के मेडिकेयर कार्ड का नंबर (यदि आप दोनों के पास यह है)
3. सन 2024 में आपका बच्चा जिस माध्यमिक विद्यालय में है, उसकी जानकारी।

एन एस डब्ल्यू के विद्यालयों में टीके लगाए जाने के कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाएँ

ऑनलाइन सहमति देने के लिए https://engage.health.nsw.gov.au/engage पर जाएँ

**अधिक जानकारी:**

# मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई बीमारी का टीका

Meningococcal ACWY vaccination

## माता-पिता के लिए जानकारी पत्र

**एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य), नेशनल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च कौंसिल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय शोध परिषद्) द्वारा युवाओं के लिए संस्तुत किए गए टीके विद्यालय से जुड़े टीके लगाने के एक कार्यक्रम के द्वारा प्रदान करती है। माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसकी सहमति देने के लिए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।**

आपको ये कदम उठाने होंगे

- कृपया इस जानकारी-पत्र को ध्यान से पढ़ें।
- यदि आप अपने बच्चे को मैनिन्ज़ोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका लगवाना चाहते हैं तो कृपया अपनी सहमति ऑनलाइन दें या उसके विद्यालय से सहमति देने का काग़ज़ी फ़ॉर्म प्राप्त करें।
- यदि आप अपने बच्चे को मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका नहीं लगवाना चाहते तो कंसेंट फ़ॉर्म को न भरें और न ही उसे वापस भेजें।

### प्रश्न: मैं विद्यालय में टीका लगाए जाने की सहमति कैसे दे सकता/सकती हूँ?

ऑनलाइन सहमति देने के लिए आपको चाहिए होगी:

1. सर्विस एन एस डब्ल्यू के लिए आपकी लॉग-इन की जानकारी
2. आपके और आपके बच्चे के मेडिकेयर कार्ड का नंबर (यदि आप दोनों के पास यह है)

- यदि आपका या आपके बच्चे का मेडिकेयर कार्ड नहीं है तब भी आप सहमति देने के काग़ज़ी फ़ॉर्म के लिए आग्रह करके सहमति दे सकते हैं (फ़ॉर्म विद्यालय से आग्रह करने पर उपलब्ध है)।

### प्रश्न: क्या मैं अपनी सहमति वापस ले सकता/सकती हूँ?

टीका लगाए जाने से पहले माता-पिता कभी भी सहमति वापस ले सकते हैं।

यदि सहमति ऑनलाइन दी गई थी, तो कृपया सर्विस एन एस डब्ल्यू के सुरक्षित ऑनलाइन कंसेंट पोर्टल में लॉग-इन करें और सहमति वापस लेने की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई करें।

यदि सहमति काग़ज़ी कंसेंट फ़ॉर्म के द्वारा दी गई थी, तो विद्यालय को एक पत्र लिखें या फ़ोन करें और बच्चे का नाम, कक्षा और उन टीकों की जानकारी दें जिनके लिए सहमति वापस ली जा रही है।

### प्रश्न: मैनिन्जोकोकल बीमारी क्या है?

मैनिन्जोकोकल एक बहुत कम होने वाला लेकिन अत्यधिक घातक संक्रमण है जिससे आम तौर पर मैनिंजाइटिस (मस्तिष्कावरणशोथ – मस्तिष्क को ढकने वाली झिल्ली और मेरु रज्जु की सूजन) और/या सेप्टिसीमिया (रक्त में विषैलापन) हो जाता है।

हो सकता है कि मैनिन्जोकोकल बीमारी के कोई विशिष्ट लक्षण दिखाई न दें लेकिन इसके लक्षणों में अचानक बुख़ार होना, सरदर्द, गर्दन में जकड़न, जोड़ों में दर्द, लाल-नीले निशान वाली पित्तिकाएँ या चोट लगने जैसे नीले निशान बन जाना, तेज़ रोशनी के प्रति संवेदनशीलता, जी-मिचलाना और उल्टी आना शामिल हो सकते हैं।

सही एंटीबायोटिक द्वारा उपचार किए जाने के बावजूद मैनिन्जोकोकल संक्रमण के 10% तक मामले प्राणघातक हो सकते हैं, और बच जाने वाले लोगों को लंबे समय तक जटिल समस्याएँ हो सकती हैं।

### प्रश्न: मैनिन्जोकोकल बीमारी कैसे फैलती है?

मैनिन्जोकोकल जीवाणु नाक और गले के पिछले भागों में से लार के द्वारा लोगों में फैलते हैं। इसके लिए आम तौर पर जीवाणु से ग्रस्त लेकिन देखने में स्वस्थ किसी व्यक्ति के साथ लंबे समय के लिए घनिष्ट संपर्क होना आवश्यक है। 'लंबे समय के लिए घनिष्ट संपर्क' का एक उदाहरण है एक ही घर में रहना या यौन के उद्देश्य से (मुँह के अन्दर जीभ मिला कर) चुंबन लेना। मैनिन्जोकोकल जीवाणु लोगों में आसानी से नहीं फैलता और वह मानव शरीर से परे अधिक देर तक जीवित नहीं रह सकता।

### प्रश्न: टीकों की दवाएँ किस तरह काम करती हैं?

टीकों की दवाएँ शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को कुछ तरह के संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करती हैं। यदि प्रतिरक्षित व्यक्ति का इन संक्रमणों से संपर्क होता है तो उसका प्रतिरक्षण तंत्र अधिक प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया करता है जिससे बीमारी नहीं होती या उसकी तीक्ष्णता बहुत कम हो जाती है।

### प्रश्न: मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके की दवा कितनी प्रभावशाली है?

मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके की संयुग्मित दवा की एक ही ख़ुराक मैनिन्जोकोकल बीमारी की इन चार क़िस्मों से संरक्षण प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावशाली है। यह दवा बी क़िस्म के जीवाणु द्वारा होने वाली मैनिन्जोकोकल बीमारी से नहीं बचाती।

### प्रश्न: टीका किसे लगवाना चाहिए?

माध्यमिक विद्यालयों के वर्ष 10 में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों और इंटेंसिव इंग्लिश सेंटरों में पढ़ रहे 15-19 वर्ष के सभी विद्यार्थियों को मैनिन्जोकोकल के ए, सी, डब्ल्यू और वाई जीवाणु-समूहों से बचाने के लिए उन्हें यह टीका लगाया जाना चाहिए।

### प्रश्न: टीका किसे नहीं लगाया जाना चाहिए?

मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका उन लोगों को नहीं लगाया जाना चाहिए जिन्हें निम्नलिखित में से किसी भी कारण से पहले तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया (anaphylaxis) हो चुकी है:

- पहले कभी मैनिन्जोकोकल का टीका लगवाने के बाद
- टीके की दवा के किसी अवयव को लेने के बाद

जिन लोगों को डिफ्थीरिया टॉक्सॉयड से तीव्र प्रतिक्रिया होती है उन्हें भी मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका नहीं लगाया जाना चाहिए।

### प्रश्न: एनाफिलेक्सिस (तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया) क्या है?

एनाफिलेक्सिस एलर्जी (प्रत्यूर्जता) की एक तीव्र प्रतिक्रिया है जिसका इलाज़ न किये जाने पर बेहोशी या मृत्यु हो सकती है।

टीका लगाने पर ऐसा विरले ही होता है। विद्यालयों में टीका लगाने वाली नर्सें (परिचारिकाएँ) एनाफिलेक्सिस का उपचार करने में पूर्णतया प्रशिक्षित होती हैं।

### प्रश्न: क्या मेरे बच्चे को मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका पहले ही नहीं लग चुका है?

जुलाई 2018 से 12 माह की आयु के बच्चों के लिए मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका नेशनल इम्युनाईज़ेशन प्रोग्राम में शामिल कर दिया गया है। शायद आपके बच्चे को पहले मैनिन्जोकोकल सी का टीका लगाया गया होगा जो केवल मैनिन्जोकोकल सी से संरक्षण प्रदान करता है।

कुछ विशिष्ट चिकित्सीय समस्याओं (जैसे कि तिल्ली का न होना या प्रतिरक्षण क्षमता की कमी) से ग्रस्त थोड़े से विद्यार्थियों को शायद पहले यह टीका लगाया जा चुका हो। यदि ऐसा है तो कृपया अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) या विशेषज्ञ से पूछें कि उसे बूस्टर (संवर्धक) टीके की आवश्यकता तो नहीं है।

### प्रश्न: मेरे बच्चे को मैनिन्जोकोकल सी का टीका पहले ही लग चुका है – क्या उसे मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका लगाना सुरक्षित होगा?

अधिकांश बच्चों को छोटी अवस्था में ही मैनिन्जोकोकल सी का टीका लगाया गया होगा।

कुछ देशों में किशोरावस्था में बूस्टर टीका लगाने की संस्तुति की जाती है, और यह ए सी डब्ल्यू वाई का टीका मैनिन्जोकोकल सी के लिए बूस्टर का काम तो करेगा ही, इसके अलावा यह ए, डब्ल्यू और वाई क़िस्मों के प्रति भी संरक्षण प्रदान करेगा। कुछ बच्चों को No Jab, No Pay (टीका न लगवाने पर भुगतान का बंद किया जाना) के अंतर्गत कैच अप (देरी से टीका लगाए जाने के) प्रोग्राम के अंतर्गत मैनिन्जोकोकल सी का टीका 2015-2018 में लगाया गया होगा। अब उन्हें मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका लगाना सुरक्षित होगा । सभी क़िस्मों से अत्यधिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए दो टीकों के बीच कम से कम 4 सप्ताह का अंतराल रखना बेहतर होगा।

### प्रश्न: अन्य किन परिस्थितियों में यह टीका लगाने की सलाह दी जाती है?

जो लोग कोई ऐसी यात्रा करने वाले हैं जिसमें मैनिन्जोकोकल बीमारी होने का ख़तरा अधिक है, इसमें हज के लिए जाना शामिल है, उनके लिए भी इस टीके की सलाह दी जाती है। कुछ विशिष्ट पेशों, जैसे कि माइक्रोबायोलॉजी की प्रयोगशाला के कर्मचारियों और कुछ विशिष्ट चिकित्सीय समस्याओं (जैसे कि तिल्ली का न होना) से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए भी इस टीके की संस्तुति है।

### प्रश्न: मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके की दवा में क्या-क्या मिला हुआ होता है?

टीके की दवा में ट्रोमेटामोल, स्यूक्रोज़ (चीनी) और सोडियम क्लोराइड (नमक) मिले हुए हो सकते हैं। योगात्मक पदार्थ दवा को अपना काम करने में सहायता देने या परिरक्षक के रूप में बहुत कम मात्रा में दवाओं में मिलाए जाते हैं।

### प्रश्न: टीके की दवा कितनी सुरक्षित है?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली टीकों की दवाएँ सुरक्षित हैं और इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किए जाने से पहले उन्हें दि थिरैपियूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (रोगहर वस्तुओं के व्यवस्थापक – टी जी ए) के कठोर सुरक्षा परीक्षणों पर खरा उतरना पड़ता है। इसके अलावा जब दवाएँ इस्तेमाल होने लगती हैं तो टी जी ए उनकी सुरक्षा पर नज़र रखता है।

### प्रश्न: मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके की दवा के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

दुष्प्रभाव साधारणतया हल्के होते हैं और आम तौर पर इनमें बुख़ार, सरदर्द, चक्कर आना या टीका लगाए जाने के स्थान पर दर्द, सूजन और लाली होते हैं। टीका लगाए जाने के स्थान से संबंधित दुष्परिणाम अक्सर 2-3 दिन में ठीक हो जाते हैं। गंभीर दुष्प्रभाव बहुत विरले ही देखने में आते हैं।

टीके की दवा के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर कंज़्यूमर मेडिसिन इनफ़ॉर्मेशन (उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय दवाओं से संबंधित जानकारी - सी एम आई) के अंतर्गत उपलब्ध है।

यदि टीका लगाने के बाद माता-पिता को इन दुष्प्रभावों के कारण कोई चिंता है तो उन्हें अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) से संपर्क करना चाहिए जो पब्लिक हेल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) यूनिट को भी इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

## प्रश्न: क्या उस छात्रा को टीका लगाया जाना चाहिए जो गर्भवती है या जिसे गर्भवती होने की आशंका है?

जी नहीं। कोई भी छात्रा जो गर्भवती है, या जिसे गर्भवती होने की आशंका है, उसे टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीका लगाए जाने के दिन टीका लगाने वाली नर्स छात्राओं से पूछेगी कि क्या वे गर्भवती हैं, या उन्हें गर्भवती होने की आशंका है। यदि कोई छात्रा इसका जवाब हाँ में देती है तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उस छात्रा से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने माता-पिता/अभिभावक से इसके बारे में शीघ्र चर्चा करे, और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करे। उसे एक ऐसी स्वास्थ्य संदर्भ सेवा के संपर्क की जानकारी दी जाएगी जो उसे सलाह और सहायता देगी और उसका मार्गदर्शन करेगी।

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को दमा है और उसे एक "पफ्फर" के द्वारा कोर्टीसोन या प्रैदनीसोन लेनी होती है तो?

यदि किसी व्यक्ति को दमा है तो चाहे वह दमे की कोई भी दवा ले रहा हो, उसे मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका लगाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: जिस दिन नर्सें विद्यालय में आईं, मेरा बच्चा बीमार या अनुपस्थित था, इसलिए उसे टीका नहीं लगा, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

यदि विद्यालय में टीका नहीं लग पाया तो जितनी जल्दी संभव हो, वह टीका लगवा लें। टीका लगवाने के लिए माता-पिता को अपने स्थानीय जी पी या फ़ार्मासिस्ट से संपर्क करना होगा।

## प्रश्न: मुझे टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड किस तरह से मिल सकता है?

आपके बच्चे को लगाए गए टीकों की जानकारी ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे के टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके।

माता-पिता अपने बच्चे की ए आई आर इम्युनाइज़ेशन हिस्ट्री स्टेटमेंट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध, बच्चे के 14 वर्ष की आयु का होने से पहले, कभी भी कर सकते हैं, और 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के छात्र अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्ट्री स्टेटमेंट निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

- myGov पर अपने मेडीकेयर ऑनलाइन अकाउंट द्वारा, my.gov.au/ पर जाकर
- मेडीकेयर एक्सप्रेस प्लस एप के द्वारा servicesaustralia.gov.au/express-plus-mobile-apps पर
- ए आई आर की जनरल इन्क्वायरी लाइन 1800 653 809 पर फ़ोन करके।

## प्रश्न: मेरे बच्चे के बारे में जो जानकारी है, उसका क्या होगा?

टीके के कंसेंट (सहमति के) फ़ॉर्म पर आप जो जानकारी देते हैं, उस पर न्यू साउथ वेल्स और कॉमनवेल्थ के गोपनीयता के कानूनों के अंतर्गत सख्त संरक्षण लागू होते हैं (गोपनता के बारे में संलग्न बयान – प्राइवेसी स्टेटमेंट – देखें)। यह जानकारी एन एस डब्ल्यू हेल्थ के एक इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और फिर ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे की टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके और उसे MyGov पर देखा जा सके।

## विद्यालय में टीके लगाए जाने के बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी उपलब्ध है :

- एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य) की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाकर
- आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करके

Hindi

# मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई का टीका लगाने की सहमति

माता-पिता / अभिभावक द्वारा भरा जाए। कृपया **काले** अथवा **नीले** पेन से **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों** में भरें।

NSW GOVERNMENT

## 1. विद्यार्थी की जानकारी

कुलनाम

व्यक्तिगत नाम

जन्म तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

लिंग ☐ पुरुष ☐ स्त्री ☐ अनिश्चित/इंटरसेक्स/बताया नहीं

ग्रेड

विद्यालय का नाम

मेडिकेयर नंबर

☐ मेडिकेयर कार्ड पर आपके बच्चे के नाम के आगे लिखा हुआ नंबर

## 2. मूल निवासी होने की हैसियत

☐ नहीं ☐ हाँ, एबोरिजिनल (आदिवासी) ☐ हाँ, टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर ☐ हाँ, एबोरिजिनल तथा टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर, दोनों

## 3. आपका विवरण – माता-पिता या कानूनी अभिभावक

मैंने मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके के लाभों और संभावित दुष्परिणामों के बारे में दी गई जानकारी पढ़ और समझ ली है।

मैं एततद्वारा अपने उपरोक्त नामित बच्चे को मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके की एक ख़ुराक दिए जाने की सहमति देता/देती हूँ।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे जो जानकारी ज्ञात है, उसके आधार पर मेरे बच्चे को:

1. टीका लगवाने पर कभी तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया नहीं हुई।
2. संलग्न पेरेंट इन्फोर्मेशन शीट (माता-पिता के लिए जानकारी पत्र) में दिए गए टीके के अवयवों के प्रति तीव्रग्राहिता संवेदनशीलता नहीं है।
3. वह गर्भवती नहीं है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम (जैसे कि JOHN SMITH)

घर का पता (जैसे कि 5 SMITH LANE)

सबर्ब (शहर)

पोस्टकोड

मोबाइल फ़ोन नंबर

संपर्क के लिए दूसरा नंबर (एरिया कोड भी लिखें, जैसे कि 02)

ईमेल का पता

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर

✕

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट
फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) भरें।

NSW GOVERNMENT

## मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए (यह जानकारी मेडिकेयर कार्ड पर दी गई जानकारी से मेल खानी चाहिए)

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

**परिचारिका की टिप्पणियाँ**

टीका न लगाए जाने का कारण

- ☐ अनुपस्थित
- ☐ अस्वीकार करना
- ☐ बीमार
- ☐ हस्ताक्षर न होना
- ☐ स्वीकृति वापस लेना
- ☐ अन्य

## माता-पिता/अभिभावक के लिए
## मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके का रिकॉर्ड

### मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / __ __ __ __

### टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

### यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) भरें